# विवरणिका

सत्र : 20.....-20.....

# श्री हरिश्चन्द्र तिवारी महाविद्यालय

आनेपुर (पॉवर हाउस के पास) NH-2 महेवा, इटावा (उ.प्र)

सम्बद्ध :- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर



प्रबन्धक

हरिश्चन्द्र तिवारी

Scanned with OKEN Scanner

## प्रबन्धक की कलम से



असीम हर्ष एवं आनन्द का विषय है कि इस ग्रामीण अंचल में उच्च शिक्षा के प्रसार के पवित्र संकल्प की पूर्णता हेतु विद्या मंदिर के रूप में यह महाविद्यालय मूर्ति रूप ले रहा है। यह संस्था पूर्णतः असम्प्रदायिक एवं धर्म निरपेक्ष तथा इसके द्वार जातीय रंग धर्म आदि पर आधारित किसी प्रकार के भेद-भाव के बिना समस्त ज्ञान पिपासुओं के लिए खुले हैं ।

इस महाविद्यालय की स्थापना के मूल में हमारा प्रयास निहित है कि वर्तमान में राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय परिदृश्य में तीव्रगति से भौतिक संसाधनों के विकास हेतु स्पर्धा जारी है। इन परिस्थितियों में ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र के छात्र/छात्राओं की भीड़ उच्च शिक्षा के उच्च स्तरीय मापदण्डों की कसौटी पर खरा उतरना होगा तभी इस समग्र सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं ।

इस दिशा में व्यक्तित्व विकास का पहलू भी समान रूप से विचारणीय है। हमारा प्रयास होगा कि इस महाविद्यालय में शिक्षा के सम्पूर्ण रूप को बढ़ाने का भागीरथ प्रयास किया जाये जिसके अन्तर्गत नैतिक, चारित्रिक व शिक्षा के मानवीय पहलुओं का भी समावेश अर्न्तनिहित है।

इस सम्पूर्ण शिक्षा प्रक्रिया में हमारा प्रयास होगा कि हम प्रसिद्ध शिक्षाविदों, गुरुजनों प्रबुद्ध वर्ग, समाजशास्त्रियों, पथ प्रदर्शकों व क्षेत्रीय विद्वानों का अमूल्य सहयोग व उनकी वैचारिक ऊर्जा प्राप्त कर इस शैक्षिक अनुष्ठान की पूर्ति हेतु सतत् प्रयन्तशील रहेंगे। महाविद्यालय में विषयबद्ध शिक्षा के साथ ऐसे सेमिनार, गोष्ठियाँ, प्रतियोगितायें व व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे सभी उदगम किये जायेंगे जो छात्रों के सम्पूर्ण बौद्धिक व कौशल विकास हेतु अभीष्ठ होंगे ।

आप सबके सहयोग एवं आशीर्वाद का आकांक्षी ।

आपका अपना
**हरिश्चन्द्र तिवारी**
प्रबन्धक

---

## प्राचार्य की कलम से

श्री हरिश्चन्द्र तिवारी महाविद्यालय में विद्यार्जन करने के लिये आने वाले सभी छात्र/छात्राओं का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ और आपसे आशा करता हूँ कि इस महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण की सतत् प्रक्रिया में शामिल होकर एक नव युग का सृजन करेंगे।

**प्राचार्य**

Scanned with OKEN Scanner

# महाविद्यालय का परिचय

श्री हरिश्चन्द्र तिवारी महाविद्यालय राष्ट्रीय राज मार्ग (NH2) पर इटावा से 28 कि0मी0 की दूरी पर आनेपुर (पॉवर हाउस के पास) महेवा में स्थित है । भारत के प्रथम विकास खण्ड महेवा (इटावा) में स्थित यह महाविद्यालय धर्म व जाति की संकीर्ण विचारधारा से दूर, जनसहयोग पर आधारित ग्रामीण अंचल में उच्च शिक्षा हेतु स्थापित किया गया है ।

# संचालित पाठ्यक्रम

विज्ञान संकाय की स्नातक कक्षाओं के लिये

बी.एस सी. (मैथ ग्रुप) 1. भौतिक विज्ञान 2. रसायन विज्ञान 3. गणित

बी.एस सी. (बायो ग्रुप) 1. रसायन विज्ञान 2. जन्तु विज्ञान 3. वनस्पति विज्ञान

कला संकाय की स्नातक कक्षाओं के लिये

बी.ए. 1.हिन्दी 2. अग्रेजी 3. समाज शास्त्र 4. शिक्षा शास्त्र 5. राजनीति विज्ञान 6. गृह विज्ञान 7. भूगोल

पर्यावरण अध्ययन विषय बी.एस.सी./बी.ए. प्रथम वर्ष अनिवार्य

# प्रवेश हेतु आवेदन

प्रवेश हेतु छात्र-छात्रायें कॉलेज कार्यालय में रु0 100.00 जमा करके विवरणिका नियमावली सहित आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# आवेदन पत्र के साथ जमा होने वाले प्रमाण पत्र

1. पिछली सभी परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
2. जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाईस्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति) संलग्न करें ।
3. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) व चरित्र प्रमाण पत्र मूल रूप से संलग्न करें ।
4. जाति प्रमाण पत्र (अनु0 जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति) के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें ।
5. पासपोर्ट साइज की 5 फोटो
6. जिन छात्रों ने अपनी अन्तिम परीक्षा उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा कानपुर विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड/विश्वविद्यलय से उत्तीण की हो तो प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) संलग्न करें।

# आवेदन पत्र भरने के दिशा निर्देश

1. आवेदन पत्र स्वच्छ हस्तलिपि में हिन्दी/अंग्रेजी में भरें ।
2. श्रेणी में आवेदक द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक जैसी स्थिति हो अंकित किया जाये ।

Scanned with OKEN Scanner

3. आय प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
4. हाईस्कूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।
5. आवेदन पत्र भरकर संलग्न फोटो इस प्रकार प्रमाणित करें कि हस्ताक्षर का आधा भाग आवेदन पत्र पर आये ।

## प्रवेश के नियम

1. छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नियमानुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 से इण्टरमीडिएट परीक्षा या अन्य परिषद से समकक्ष परीक्षा पास छात्र/छात्रा इण्टरमीडिएट के विषयों के आधार पर ही स्नातक परीक्षा में प्रवेश ले सकता है।
2. विश्वविद्यालय के किसी भी महाविद्यालय से प्रथम वर्ष या द्वितीय वर्ष पास करने पर द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष में विश्व विद्यालय एवं महाविद्यालयों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर प्रवेश ले सकता है।
3. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की अंक सूची व प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि तथा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ दो पासपोर्ट आकार की फोटो लगाकर प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा ।
4. यदि इण्टरमीडिएट पास करने के उपरान्त स्नातक में प्रवेश लेने के मध्य कहीं अध्ययन नहीं किया है तो उसका नोटरी शपथ पत्र देना होगा ।
5. विद्यार्थी जो भी प्रमाण पत्र प्रवेश के समय या बाद में प्रेषित करेंगे उसकी सत्यता का पूर्ण उत्तरदायित्व उसी का होगा ।
6. प्रवेश समिति के द्वारा प्रवेश की स्वीकृति पर छात्र कार्यालय में फीस जमा करके रसीद व परिचय पत्र प्राप्त करेगा ।
7. परिचय पत्र पर छात्र मुख्य अनुशासन अधिकारी के पास जाकर स्वयं एक सप्ताह के अन्दर परिचय पत्र पर हस्ताक्षर करायेगा।
8. परिचय पत्र व रसीद को पुस्तकालय अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर अपना पुस्तकालय कार्ड प्राप्त करेगा।
9. प्राचार्य को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये किसी का भी प्रवेश निरस्त कर सकता है।
10. महाविद्यालय का अनुशासन भंग करने वाले छात्र/छात्रा को महाविद्यालय से निष्काषित करने का अधिकार प्राचार्य को होगा। निष्कासन की सूचना छात्र/छात्रा के अभिभावक को दे दी जायेगी ।
11. महाविद्यालय परिसर में गुटका, पान मसाला आदि का सेवन वर्जित है।

## प्रवेश के उपरान्त भी आवश्यक नियम

1. किसी भी प्रवेशार्थी का प्रवेश तब तक पूरा नहीं माना जायेगा जब तक कि वह उस कॉलेज में जहाँ उसने पूर्व वर्ष में शिक्षा पाई है के प्रधानाचार्य/प्राचार्य द्वारा प्रदत्त स्थानान्तरण प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा नहीं करता है यदि प्रपत्र 15 नवम्बर तक प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं तो फीस जमा होने पर व परिचय पत्र होने पर भी प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

2. विकलांग प्रवेशार्थी को सक्षम अधिकारी से विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश वरीयता दी जायेगी ।
3. स्कालरशिप के लिये प्रवेशार्थी का आय व जाति प्रमाण पत्र की सत्यता उसी पर निर्भर है असत्य प्रमाण पत्र की जिम्मेदारी प्रवेशार्थी की होगी और उसके खिलाफ नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
4. किसी भी प्रकार की राजकीय सहायता प्राप्त करने के लिये उन्हें बैंक में खाता खुलाना आवश्यक होगा।
5. किसी भी प्रवेशार्थी को जिसके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज होगा या आपराधिक मामलों में सजायाप्ता है प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## कॉलेज भवन एवं प्रयोगशालाएं

महाविद्यालय का ग्रामीण, शान्त एवं स्वस्थ्य वातावरण विद्यार्थियों को स्वतः उच्च शिक्षा तथा सुसंस्कृति एवं सदाचार जीवन की ओर उन्मुख होने की प्रेरणा देता है। कॉलेज भवन में अध्ययन कक्ष, लेक्चर थियेटर प्रायोगिक शिक्षण के लिय भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञानकी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विशाल प्रयोगशालाएं हैं ।

## पुस्तकालय व वाचनालय

विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के नवीनतम ज्ञानार्जन हेतु महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनमें आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष परिवर्धन किया जायेगा। विभिन्न विषयों की शोध पत्रिकाएं भी नियमित रूप से मंगायी जाती हैं ।

## ड्रेस

महाविद्यालय के विद्यार्थियों में समरूपता, समानता एवं अनुशासन बनाये रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र/छात्राओं के लिये निम्न ड्रेस कोड निर्धारित की गयी है।

छात्रों के लिये :– सिलेटी रंग का पेन्ट और सफेद रंग की शर्ट

छात्राओं के लिये :– सिलेटी रंग का कुर्ता, सफेद रंग की सलवार, सफेद रंग का दुपट्टा

शीतकालीन :– छात्र/छात्राओं के लिए काले रंग का स्वेटर

## छात्रवृत्ति

सामान्य, पिछड़े, अनुसूचित एवं अनुसूचित जन जातियों, विकलांग तथा सैनिक कर्मचारियों के आश्रित छात्र/छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्तियां सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रदान की जाती है । छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरकर आय, जाति प्रमाण पत्र व आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय में प्रवेश के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर जमा करा दें।

Scanned with OKEN Scanner

# अनुशासन व्यवस्था

प्रवेश के समय प्रत्येक विद्यार्थी को इस घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे वह किसी कार्य में भाग नहीं लेगा जिसमें कॉलेज की व्यवस्था एवं नियम भंग हों और कॉलेज की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचे। इस व्यवस्था के लिये प्रमुख अनुशासन अधिकारी (चीफ प्रोक्टर) तथा अनुशासन समिति विद्यार्थियों के सहयोग के लिये कॉलेज में गठित है।

# विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता

1. विद्यार्थियों के प्रमुख कर्त्तव्य सतत् विद्याध्ययन के द्वारा उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते हुए अपने चरित्र का निर्माण करना है जो दूसरों के लिए आदर्श बन सकें । इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु छात्र को सभी प्रकार के विवादों, झगड़ों तथा अवांछनीय कार्यों से दूर रहना अति आवश्यक है।
2. विद्यालय एक परिवार तुल्य है जहां सभी विद्यार्थी एक समान हैं इसलिए आचार-विचार में धर्म जाति या किसी अन्य प्रकार का भेदभाव रखना अनुचित है।
3. सभी विद्यार्थी सत्यवादी, शिष्ट एवं विनम्र बनें और सदैव इस ओर सतर्क एवं सचेत रहें। किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना अनुचित है। किसी प्रकार से विद्यार्थियों को परेशान करना गम्भीर अपराध है।
4. ज्ञानार्जन हेतु समय पालन एवं अनुशासन अनिवार्य है अतः सभी विद्यार्थी नित्य कक्षाओं में उपस्थित हों।
5. कॉलेज भवन समस्त उपकरण तथा साज-सज्जा छात्रों के लिये ही है इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी ही है। वाटिका से पुष्पों को तोड़ना, कॉलेज परिसर को गंदा करना एवं परिसर में बाइक पर घूमना अनुचित है।
6. कॉलेज परिसर में किसी भी नशीले पदार्थ का प्रयोग करना वर्जित है। कॉलेज परिसर में पान, तम्बाकू या पान मसाला खाना व थूकना अशोभनीय है।
7. पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग विद्याध्यन हेतु ही करें। यहां बैठकर बातचीत न करें तथा आते-जाते समय ध्यान रखें कि आपकी आवाज से अन्य विद्यार्थियों का ध्यान भंग न हो।
8. अपने वाहन स्टैण्ड पर ताला लगाकर रखें। अपना वाहन स्टैण्ड के अलावा कहीं अन्यत्र न रखें। वाहन में ताला न होने पर जुर्माना भी हो सकता है।
9. विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज में मोबाइल फोन का प्रयोग, फोटोग्राफी एवं अग्नेयशस्त्र लाना वर्जित है।
10. छात्र-छात्रायें कॉलेज परिसर में यूनीफार्म पहन कर ही आवें ।
11. विद्यार्थी सभी संकाय के प्राध्यापकों व कर्मचारियों को समान रूप से आदर दें। विश्वास रखें कि प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापक आपके सच्चे हितैषी हैं ।

उपरोक्त आचार संहिता आपकी भलाई के लिये ही है। आपके द्वारा कोई अनुचित आचरण आपके लिये दण्ड का कारण हो सकता है इसके लिये जागरुक रहें। इस कॉलेज में अपने चरित्र का निर्माण कर उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते हुये राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान करें ।

Scanned with OKEN Scanner

## जन्तु विज्ञान प्रयोगशाला



## वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला




## रसायन विज्ञान प्रयोगशाला



## भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला



## पुस्तकालय




## खेल का मैदान



Scanned with OKEN Scanner

तमसो माँ ज्योतिर्गमय

# हमारा प्रयास राष्ट्रोत्थान में सक्रिय योगदान




# श्री हरिश्चन्द्र तिवारी महाविद्यालय

## आनेपुर (पॉवर हाउस के पास) NH-2 महेवा, इटावा (उ.प्र.)

**सम्बद्धः– छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर**

सम्पर्क सूत्र – 9412197431 9411989816
9412197432 9410489903

Scanned with OKEN Scanner